# AnandNiketan
## Maninagar Campus

| Grade : VII | Subject : Hindi | Date : |
|---|---|---|
| SYLLABUS<br>साहित्य- १,३,४,५,६,७,८,९<br>व्याकरण- २,३,४,५,६,७<br>(रचनात्मक अभिव्यक्ति) | Practice Worksheet<br>Empower-I | Empower-1-80 Marks<br>PT-1(Written)-10 Marks<br>Subject Enrichment-5 Marks<br>Notebook Submission-5 Marks<br>Total-100 Marks |

**खंड-क**

**प्रश्न-१. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये -**

जो हँस सकता है वह पराजय में भी हास्य की सृष्टि कर लेता है और इस तरह पराजय भी जीत में बदल जाती है। एक किस्सा है, शामत का मारा एक व्यापारी शहर के चुनाव में खड़ा हो गया। चुनाव का परिणाम निकला तो पता चला कि उसे कुल तीन वोट मिले थे। अगले दिन जब बाज़ार खुला तो व्यापारी की दुकान पर एक बड़ा-सा नोटिस टंगा था–भाइयो, क्या आप कृपा करके मुझे उन तीन बेवकूफ़ों के नाम बताएँगे, जिन्होंने मुझे वोट दिया?

किस्सागो कहता है कि शहर हँस तो अब भी रहा था लेकिन अब वह उस हारे हुए व्यापारी पर नहीं, उसके साथ हँस रहा था। लॉर्ड जॉर्ज भाषण दे रहे थे। एक विरोधी बोला, "महाशय, भूल गए क्या, आपके पूर्वज गधा-गाड़ी चलाया करते थे।" "बिल्कुल नहीं भूला, महाशय," लॉर्ड जॉर्ज हँसते हुए बोले, "क्योंकि गाड़ी तो अब भी मेरे घर पर खड़ी है; गधा गायब था सो आज यहाँ मिल गया।"

क. पराजय को जीत में कौन बदल सकता है?
ख. 'किस्सा' शब्द का क्या अर्थ होता है?
ग. 'व्यक्ति' का वर्ण-विच्छेद कीजिए।
घ. बड़ा-सा नोटिस कहाँ टंगा था?
ङ. 'कल' का विलोम लिखिए।
च. व्यापारी को कुल कितने वोट मिले थे?

**प्रश्न-२. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये -**

बादल कहे पुकार के, सागर कहे दुलार के,

धरती एक घरौंदा भाई ! हम सब पंछी प्यार के।

पाँवों में तूफ़ान हमारे, आँखों में विश्वास है,

मलयालिन की गंध पहनकर उभर रही हर श्वास है।

इस दुनिया को बाँध रहे हैं स्नेह-प्रेम की डोर से,

तिनका-तिनका चुनकर हमने एक लिखा इतिहास है।

क. हम सब किसके पंछी हैं?
ख. हम सब इस दुनिया को किसकी डोर से बाँध रहे हैं?

ग. हमने इतिहास कैसे लिखा है?

घ. 'धरती' का पर्यायवाची क्या है?

ङ. दिए गए गद्यांश का उचित शीर्षक क्या है- i.)बादल और सागर ii.) पंछी प्यार के

## खंड-ख

प्रश्न-३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क. भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या कहलाती है?

ख. रचना के आधार पर शब्द के भेदों के नाम लिखिए।

ग. संधि-विच्छेद किसे कहते हैं ?

घ. व्याकरण में लिंग से क्या पता चलता है ?यह कितने प्रकार का होता है ?

ङ. उपसर्ग की परिभाषा लिखें।

च. कारक किसे कहते हैं?

प्रश्न-४. दिए गए निर्देशों के अनुसार उत्तर दीजिए-

| | |
|---|---|
| क. हर्ष | (विलोम) |
| ख. लकड़ियों का | (समूहवाची शब्द) |
| ग. प्रति वर्ष होने वाला | (वाक्यांश के लिए एक शब्द) |
| घ. मनुष्य | (पर्यायवाची) |
| ङ. दधि | (तद्भव रूप) |
| च. मामा | (प्रत्यय रूप) |
| छ. शक्ति के अनुसार | (समास) |
| ज. बेटी | (बहुवचन) |
| झ. के लिए | (कारक) |

प्रश्न-५. रिक्त स्थानों कि पूर्ति कीजिये-

क. नौ रात्रियों का समूह..........समास का उदहारण है.

ख. ..........में तो सभी शरारतें करते हैं.

ग. अमन ने भिखारी..........भोजन दिया.

घ. क्या यह पुस्तक..........है?

ङ. हिन्दी में 'अं' और 'अः' को.........कहा जाता है।

च. हिम+.........=हिमालय होता है।

छ. संधि में अगर 'अ' के बाद 'ऋ' आए, तो दोनों मिलकर.........बनता है।

प्रश्न-६. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए-

क. तथापि

ख. मनोबल

ग. एकैक

घ. सुरेश

ङ. सार्थक

प्रश्न-७. निम्नलिखित शब्दों में उपयुक्त स्थान पर उपसर्ग या प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाइए-

क. सूरत
ख. धर्म
ग. सफल
घ. बल
ङ. क्रोध
च. होश

## खंड-ग

प्रश्न-८. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -

क. दशरथ माँझी कौन थे?
ख. नागराजन को एलबम कहाँ से किसने भेजा?
ग. गोताखोर गहरे पानी में क्यों उतरते हैं?
घ. शारीरिक और मानसिक कसरत करने से क्या लाभ होता है?
ङ. दिवाली में सबसे ज्यादा रोशनी कहाँ हुई?
च. मैरीकॉम का जन्म भारत के किस राज्य में हुआ ?

प्रश्न-९. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए –

क. 'निराली दीवाली' पाठ के आधार पर आलोक के बारे में तीन वाक्य लिखिए।
ख. 'माँझी के विचारो में भी कबीर जैसी प्रखरता थी|' स्पष्ट कीजिये.
ग. सबको बारिश का इंतज़ार क्यों रहता है?
घ. 'निराशा में भी रौनक मिलती है' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिये.
ङ. मैरीकॉम का नाम बॉक्सिंग से कैसे धूमिल हो गया?

प्रश्न-१०. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. भारतीय किसानों को किन-किन चीजों की जानकारी होती है?
ख. सेठानी की सारी वेदना विलीन हो गई। क्यों?
ग. राजप्पा ने एलबम को क्यों जलाया था? कारण सहित उत्तर लिखिए.
घ. बारिश की एक बूंद कविता का मूलभाव लिखिए।स
ङ. रोशन के विचार से सब बच्चे इस घटना के लिए किस प्रकार दोषी हैं?

प्रश्न-११. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिये-

क. असहाय
ख. सर्वोत्तम
ग. कीमती
घ. संघर्ष
ङ. खामोश
च. नाकामयाबी
छ. निर्भर
ज. अरमान

## खंड-घ

**प्रश्न-१२. 'स्वच्छता अभियान' विषय पर अनुच्छेद लेखन करिए-(१००-१५० शब्द)**

**प्रश्न-१३. आपका मित्र अपने स्कूल की क्रिकेट टीम का कप्तान है। हाल ही में उनके स्कूल ने जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता जीती है। मित्र को बधाई देते हुए पत्र लिखिए।**

**प्रश्न-१४. दिए गए संकेतों के आधार पर कहानी लेखन कीजिये-**

### एक मुट्ठी सरसों

**गौतम बुद्ध मगध में......एक स्त्री का रोते हुए आना......इकलौते बेटे को साँप का काटना.....बुद्ध का बताना कोई अमर नहीं है। बुढ़िया का दुखी होना.....बच्चे को जिंदा करने को कहना.....बुद्ध का बुढ़िया से एक मुट्ठी सरसों लाने को कहना.....एक शर्त भी रखना.....उस परिवार से सरसों लाना जहाँ कभी कोई मृत्यु न हुई हो.....सारी बात बताना.....कोई घर ऐसा नहीं जहाँ कभी कोई मरा न हो.....बुढ़िया का जीवन-रहस्य को जान जाना.....शांत होकर घर वापस लौटना।**

**प्रश्न-१५. खेलकूद में भाग लेने के कारण आप घर से देर से पहुँचे, इस स्थिति में माता जी के साथ हुए अपने वार्तालाप को १०० शब्दों में लिखिए।**